एआई तकनीक की मदद से विश्वस्तरीय बनेगा एक्सप्रेसवे

लखनऊ। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त (आईआईडीसी) व यूपी एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के सीईओ मनोज कुमार सिंह ने एक्सप्रेसवे को विश्वस्तरीय बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के साथ बैठक की। नोएडा प्राधिकरण में आयोजित इस बैठक में एक्सप्रेसवेज में नई तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के इस्तेमाल की जानकारी दी गई। सीईओ ने निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे अलाइनमेंट का भी निरीक्षण किया। बैठक में अम्मान कॉर्पोरेशन और एमएस बीबो ने कई नई जानकारी दीं।

आईआईडीसी व सीईओ यूपीडा की विभिन्न कंपनियों के साथ बैठक

यूपीडा के सीईओ ने आगामी एक्सप्रेसवे परियोजनाओं के डीपीआर चरण में ही आर्क संरचनाओं के उपयोग की इच्छा जाहिर की। ईटीएच-एआई सेंटर के प्रतिनिधि ने सेंसर आधारित तकनीक के बारे में बताया, जो एआई से लैस है। ये सड़क की राइडिंग क्वालिटी का मूल्यांकन करती है। सीईओ ने एक पायलट प्रोजेक्ट के लिए उनकी सेवाओं के लिए प्रस्ताव देने को कहा ताकि यूपीडा तकनीक का व्यावसायिक दृष्टि से मूल्यांकन कर सके। वहीं, एमएस पिन्नी कॉर्पोरेशन से भी बात की गई। सीईओ ने निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे के 7.9 किमी पर इंटरचेंज के छोरों का निरीक्षण किया और इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए गए। एलएंडटी कर्मियों ने संरचना के तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। ब्यूरो